Regarding need to provide stoppage of trains at railway stations in Hazaribagh and Ramgarh districts in Jharkhand- laid

श्री मनीष जायसवाल **(हज़ारीबाग):** मैं सरकार का ध्यान झारखण्ड राज्य के हजारीबाग एवं रामगढ़ जिलों की ओर आकृष्ट कराना चाहता/चाहती हूँ, जहाँ के कई छोटे किंतु महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से वंचित हैं । विशेष रूप से हजारीबाग रोड, बरही, चौपारण, केरेडारी, रामगढ़ कैंट, बरकाकाना एवं गोला रोड जैसे स्टेशनों पर सीमित ठहराव के कारण यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । इन स्टेशनों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, मरीज, श्रमिक एवं व्यवसायी यात्रा करते हैं, किंतु एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के अभाव में उन्हें दूरस्थ बड़े स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय, धन एवं संसाधनों की हानि होती है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त स्टेशनों पर उपयुक्त एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की व्यवहार्यता का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक निर्णय लिया जाए, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ एवं सुरक्षित रेल सुविधा उपलब्ध हो सके ।